# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| **राजस्व विभाग** |
| सीकरी (नगर) एवं उच्चैन (नदबई) में **उपखण्ड कार्यालय खोले** गये। |
| उप तहसील सीकरी को **तहसील में क्रमोन्नत** किया गया। |
| गोपालगढ़ (कामां), खरैरी (बयाना), जालूकी (नगर) एवं खोह (नगर) में **उप तहसील कार्या**ल**य खोले** गये। |
| ग्राम पंचायत हलैना, वैर को **उप तहसील में क्रमोन्नत किया** गया। |
| जनूथर (नगर) में **तहसील कार्यालय** खोला गया। |
| रूदावल (बयाना) एवं जुरहरा (कामां) **उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नत** किया गया। |
| झील का बाड़ा–भरतपुर में **उप तहसील कार्यालय** खोला गया। |
| डीग को नवीन **जिला बनाया** जायेगा। |
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| नगर एवं वैर के **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया गया। |
| अवार (कुम्हेर), पथैना (वैर), जलूथर (नगर), सिनसिनी, झील का बाड़ा (बयाना), ललिता मूडिया (वैर), कलसाडा (बयाना), बहनेरा (सेवर), कैमरी (टोडाभीम), छोंकरवाड़ा, पहाड़ी (कामां) **के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किया** गया। |
| चंदनपुरा (नदबई), बहज (डीग) एवं सेवर के **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किये जाने हेतु पदों सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| फुलवारा (सेवर), सलेमपुर खुर्द (वैर), जाटौली रथवान (सेवर), घाटमीका (कामां), बरखेड़ा (वैर), न्योठा (नदबई), उवार के **उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत** किया गया। |
| पहाड़ी (कामां) में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी** का कार्यालय खोला गया। |
| खरैरी (वैर), रामसिंहपुर पालकी (नगर) एवं घाटोली तिराहा (रूपवास) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले** गये। |
| भुसावर एवं उच्चैन में **नवीन ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय** स्थापित। |
| कामां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में **50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड किये** गये। |
| सैपऊ तथा भुसावर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में **30 बेड से बढ़ाकर 50 बेड किये** गये। |
| भरतपुर के दूरस्थ क्षेत्रों में मातृत्व संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 9 **ममता एक्सप्रेस** वाहनों द्वारा ओपीडी कैम्प शुरू। |
| सिरस (वैर), इकरन (सेवर) एवं मिलकपुर (बयाना) के **उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों** में क्रमोन्नत करने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| बसई (रूपवास) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोले जाने हेतु पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| जारोली, मोरौली कलां (सेवर) एवं बसई (रूपवास) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोले जाने हेतु पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| जसवर (वेर) में **उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| गुलपाडा एवं हलैना (भरतपुर) में **नवीन ट्रोमा सेन्टर** खोलने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| उच्चैन (भरतपुर) में **ट्रोमा सेन्टर** खोला जायेगा। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| जिला चिकित्सालय भरतपुर में 30 बेड का **ICU** विकसित किया गया। |
| भरतपुर जिले में 60 सीटों के साथ अकादमिक सत्र 2021–22 से **नर्सिंग महाविद्यालय प्रारम्भ**। कार्यादेश दिनांक 27.04.2022 को जारी। |
| भरतपुर मेडिकल कॉलेज से जुडे अस्पतालों में Advance Life Support (ALS) क्रिटिकल केयर ऐम्बूलैन्स उपलब्ध करा दी गयी है। |
| 155 करोड़ रुपये की लागत से आरबीएम चिकित्सालय, भरतपुर में 250 बेड क्षमता के **नवीन चिकित्सालय का निर्माण** कार्य प्रगतिरत है। |
| कुम्हेर में **नर्सिंग कॉलेज** की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। 90 बेड क्षमता के छात्रावास के निर्माण हेतु रूपये 21.04 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर जिले में **ट्रोमा सेन्टर** विकसित करने हेतु स्वीकृति जारी। कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर में **सुपर स्पेशियलिटी न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी व कार्डियोलॉजी विभाग** में सेवाऐं प्रारम्भ की गई। आवश्यक उपकरणो एवं फर्नीचर हेतु 11.16 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। निविदा आमंत्रित। |
| मेडिकल कॉलेज, भरतपुर में 5 सुपर स्पेशियलिटी यथा**–एण्डोक्रायनोलॉजी, गेस्ट्रोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, ऑन्कोसर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी की सुविधायें** उपलब्ध कराने हेतु 6.70 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। 30 पदों के सृजन की स्वीकृति जारी। |
| भरतपुर संभाग मुख्यालय पर Public Health College की स्थापना हेतु भूमि आवंटित। |
| मेडिकल कॉलेज, भरतपुर में Critical Care Unit खोली जायेगी। |
| चिकित्सा महाविद्यालय में IT based अध्ययन–अध्यापन के लिए Smart Classrooms बनाये जायेंगे। |
| **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| रूदावल (रूपबास), नदबई, सीकरी (नगर), कामां एवं निठार (वैर), पीपला, उच्चैन (नदबई), झालाटाला (वैर) एवं डीग में **कन्या महाविद्यालय खोले** गये। |
| भुसावर, वैर, उच्चैन, सीकरी एवं रूपवास में **नवीन राजकीय महाविद्यालय खोले** गये। |
| भुसावर (वैर), भरतपुर, नगर एवं पहाड़ी (कामां) में **कृषि महाविद्यालय खोले** गये। |
| राजकीय महाविद्यालय पहाड़ी को पुनः प्रारम्भ किया गया। भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत। वर्तमान में अस्थायी भवन में संचालित। |
| **राजकीय महाविद्यालय** बयाना **को स्नातक से पीजी में क्रमोन्नत** कर **विज्ञान संकाय प्रारंभ** किया गया। |
| राजकीय महाविद्यालय कामां (भरतपुर) में **उर्दू साहित्य विषय प्रारंभ** किया गया। |
| उच्चैन में **नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2021–22 से प्रवेश** प्रारंभ। निर्माण कार्य हेतु भूमि आवंटित। |

# जिला–भरतपुर
# बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाया जायेगा। |
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| संस्कृत विद्यालय सैदपुरा (नदबई) में **संस्कृत महाविद्यालय खोला** गया। |
| डहरा (डीग–कुम्हेर), चिकसाना (सेवर), सेवर (सेवर) के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों को **राजकीय प्रवेशिका विद्यालयों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| **गृह विभाग** |
| कामां एवं वैर में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोले** गये। |
| उच्चैन (नदबई), नदबई एवं पहाड़ी (कामां) में **पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय खोले** गये। |
| रूपबास (बयाना) में पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय खोले जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| डीग, जालूकी (नगर) एवं जनूथर (नगर) **पुलिस चौकियों को पुलिस थानों में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बयाना में सदर पुलिस थाना खोला गया। |
| भरतपुर में **एटीएस की चौकी खोली** गई। |
| सैयदपुरा एवं वैर पुलिस चौकियां खोली गई। |
| Emergency Response Support System (ERSS) के तहत वर्तमान में 112 नम्बर डायल करने की व्यवस्था लागू कर इसको और प्रभावशाली तरीके से लागू करने हेतु 142 कॉल ट्रेकर्स की सेवाये ली जा रही है। SCRB तथा DOIT द्वारा प्रोजेक्ट की मोनिट्रिंग की जा रही है। योजना पायलट बेसिस पर 2 जिलों–अलवर एवं भरतपुर में प्रारम्भ कर दी गयी है। |
| जिला स्तर पर 24X7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित करने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| उच्चैन (नदबई) में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोले जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव प्राप्त। |
| गहनौली मोड़ (उच्चैन) एवं खेड़ली मोड़ (वैर) की पुलिस चौकियों को पुलिस थानों में क्रमोन्नत किया जायेगा। |
| बडेश्वर महादेव मंदिर (कुम्हेर) एवं पीपला में पुलिस चौकियां खोली जायेंगी। |
| भरतपुर केन्द्रीय कारागृह में बच्चों की देखभाल हेतु क्रेच (Creche) की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| जिला कारागृह में पुस्तकालय की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| वैर तथा नगर में **अपर जिला एवं सैशन न्यायालय खोले** गये। |
| उच्चैन में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (CJJM) खोला** गया। |
| वैर एवं बयाना में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोलने की अधिसूचना जारी। |
| नगर में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोलने की अधिसूचना जारी। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| भरतपुर में **वाणिज्यिक न्यायालय खोला** जायेंगा। |
| लखनपुर में **सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय (CJJM) खोला** जायेंगा। |
| सीकरी में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला जायेगा। |
| नदबई में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** खोला जायेगा। |
| कैम्प कोर्ट कुम्हेर को **नियमित अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** में परिवर्तित किया जायेगा। |
| **खाद्य विभाग** |
| संभाग स्तर पर Facilitation and Mediation Centre की स्थापना 'Hub and Spoke Model' पर की जायेगी। |
| **ऊर्जा विभाग** |
| वैर, उच्चैन एवं नगर में अधिशाषी अभियंता (विद्युत) कार्यालय खोले गये। |
| सीकरी में **सहायक अभियंता (विद्युत) कार्यालय खोला** गया। |
| सीकरी (ग्रामीण) में **कनिष्ठ अभियंता (विद्युत)** कार्यालय खोला गया। |
| बयाना में 132 केवी **जीएसएस स्थापित।** |
| अड्डा (बयाना) एवं भैंसिना (वैर) में **33 केवी के नये सब–स्टेशन स्थापित।** |
| फुलवारा में **132 केवी का जीएसएस निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| सीकरी में **132 केवी का जीएसएस निर्माण** कार्य प्रगतिरत । |
| निभेरा (बयाना), रामसिंहपुर पालकी व तेस्की (नगर) में **33 केवी** निर्माण हेतु कार्यादेश जारी। दिवली में **33 केवी सब स्टेशन** स्थापित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| मोलोनी (वैर) में **33 केवी** निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश प्रक्रियाधीन। |
| कुम्हेर में 220 केवी का जीएसएस बनाया जायेगा। |
| सीकरी के **132 केवी जीएसएस को 220 केवी के जीएसएस में क्रमोन्नत** किये जाने की स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित। |
| उच्चैन (नदबई) में 132 केवी जीएसएस स्थापित करने हेतु भूमि आवंटित। बरखेड़ा (बयाना) में 132 केवी जीएसएस स्थापित किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| कपूरा मलूका, बसई (रूपवास), फुलवारा, मोरौली कलां (सेवर), पथराली में भूमि आवंटित, रामपुरा (बयाना) एवं तलछेरा (नदबई) में 33/11 केवी के सब–स्टेशन स्थापित किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| **कृषि एवं उद्यानिकी विभाग** |
| कुम्हेर एवं पहाड़ी में **नई स्वतंत्र मण्डी स्थापित।** |
| सीकरी, भुसावर एवं रूपवास में **नई स्वतंत्र मण्डियां** स्थापित की जायेगी। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| भरतपुर में **जैविक खेती पंजीयन की सुविधा हेतु** Rajasthan State Seed & Organic Certification Agency का **उपकेन्द्र खोला** गया। |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत सरसों के लिए भरतपुर जिले में Processing Units को 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ रुपये तक) का अनुदान दिए जाने हेतु राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना 2019 के अंतर्गत वांछित संशोधन की अधिसूचना जारी। |
| जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) के exhibitions लगाये जाने हेतु जिलेवार लक्ष्य जारी। आनलाईन आवेदन प्राप्त। |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के तहत मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर जिले के किसानों को लाभान्वित किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त। |
| कृषि जलवायु आधारित उद्यानिकी फसलों के अनुसंधान के लिए कृषि जलवायु क्षेत्र भरतपुर में उद्यानिकी Adaptive Trial Centre (ATC) स्थापित करने हेतु भूमि आवंटित। पद सृजन की स्वीकृति प्राप्त। |
| खटौटी (नदबई) में **मिनी फूड पार्क बनाये जाने हेतु भूमि** आवंटित। |
| उच्चैन मे गौण मण्डी बनाने हेतु भूमि आवंटित। |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के अंतर्गत भरतपुर में 7 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से Centre of Excellence for Apiculture की स्थापना की जायेगी एवं शहद के गुणवत्ता परीक्षण हेतु मोबाइल Lab भी संचालित की जायेगी। |
| राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन के अंतर्गत Micro Irrigation से संबंधित research एवं training की व्यवस्था के लिए संभाग मुख्यालय पर 5 करोड़ रुपये की लागत से Centre of Excellence for Micro Irrigation की स्थापना हेतु भूमि चिन्हित। |
| **पशुपालन विभाग** |
| पशु चिकित्सालय, सिनसिनी (डीग) को **प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत** किया गया। |
| भरतपुर में पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया। |
| भरतपुर में **पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का** भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में Testing Lab की स्थापना हेतु निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| जिले के पशु चिकित्सालय में **एम्ब्रियो ट्रांसप्लांट** की सुविधा के लिये कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों को सुदृढ करवाने के लिये आवश्यक उपकरणों, साजो सामान, प्रशिक्षण हेतु स्वीकृति प्राप्त। संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों को देहरादून में प्रशिक्षण दिलवाया जाकर योजना प्रारंभ की जा चुकी है। |
| **कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग** |
| **होल्कर की छतरी**–गागरसोली, **प्राचीन प्रासाद**–कुम्हेर एवं डीग किले के संरक्षण कार्य पूर्ण। |
| भरतपुर स्थित राजकीय संग्रहालय को **Digital संग्रहालय** के रूप में विकसित किया गया। |
| राजकीय संग्रहालय भरतपुर में **पर्यटन विकास कार्य** प्रगतिरत। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| अभिलेखाकार कार्यालय भरतपुर में उपलब्ध **ऐतिहासिक अभिलेखों का digitization तथा microfilming** हेतु राजकॉम्प के माध्यम से कार्य प्रगतिरत। |
| **डीग** में संग्रहालय का निर्माण तथा महाराजा सूरजमल का पेनोरमा बनाया जायेगा। |
| लोहागढ़ किला एवं सुजानगंगा नहर के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं विकास कार्य हेतु DPR तैयार। |
| **आयुर्वेद विभाग** |
| भरतपुर में सत्र 2021–22 से **आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय** में शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया गया। |
| नदबई के राजकीय आयुर्वेद औषधालय को ब्लॉक आयुष चिकित्सालय में क्रमोन्नत किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| भरतपुर में **आयुर्वेद नर्सिंग महाविद्यालय** खोले जाने की स्वीकृति जारी। |
| भरतपुर में होम्योपैथिक महाविद्यालय खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय हेतु पद सृजन एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| यूनानी चिकित्सा सुविधा के विस्तार हेतु भरतपुर में Centre of Excellence in Regimental, Hijama Therapy खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| समस्त ब्लॉकों पर होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने हेतु पदों सहीत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **शान्ति एवं अहिंसा विभाग** |
| ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। |
| **देवस्थान विभाग** |
| कैलादेवीजी मंदिर, झील का बाड़ा (बयाना)–भरतपुर के मंदिर परिसर एवं तालाब के **जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| कैलादेवी एवं गोवर्धन पर्वत में पेनोरमा/आधारभूत सुविधाओं का समग्र विकास किये जाने हेतु डीपीआर बनायी जायेगी। |
| कुशल बिहारी जी मंदिर, बरसाना व कैलादेवी (झील का बाड़ा)–भरतपुर में ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था प्रारंभ की जायेगी। |
| **सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| भरतपुर में **स्टार्ट–अप इन्क्यूबेशन सेंटर** स्थापित किया गया। |
| संभाग मुख्यालय पर Rajiv Gandhi Centre of Advance Technology (RCAT) केन्द्र खोले जाने हेतु भूमि चिन्हित। |
| **वित्त विभाग** |
| जिला मुख्यालय पर सप्ताह के सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

भुसावर एवं उच्चैन में **नवीन ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय** स्थापित।

भरतपुर में **विशेष योग्यजन आवासीय विद्यालय स्थापना** की स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित।

श्री हिन्दी साहित्य समिति पुस्तकालय, भरतपुर को राज्याधीन किये जाने की स्वीकृति जारी। पुस्तकालय में संवर्द्धन एवं आधुनिकीकरण कार्य करवाये जायेंगे।

महाराव शेखाजी Armed Forces Training Academy, सीकर तथा Services Preparatory Institute, औरंगाबाद की तर्ज पर संभाग स्तर पर एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में Defence Services Preparatory Institute की स्थापना की जायेगी।

समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई फूले वाचनालय मय digital library स्थापित किया जायेगा।

### वन विभाग

विश्व वानिकी उद्यान (झालाना डूंगरी)–जयपुर की तर्ज पर भरतपुर में Botanical Gardens स्थापित किये जाने का कार्य प्रगतिरत।

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को Wetland Birds Habitat Conservation Centre के रूप में विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत।

राज्य में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2022–23 में मांडेरा रूंध में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक **इको–टूरिज्म लव–कुश वाटिका विकसित** किये जाने का कार्य प्रगतिरत।

इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2023–24 में **झील का बाड़ा** में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए एक लव–कुश वाटिका विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत।

युवाओं को वन क्षेत्रों में हाइकिंग, ट्रेकिंग, कैम्पिंग एवं अन्य रोमांचकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए **ब्रज चौरासी क्षेत्र–भरतपुर** में कार्य करवाये जाने की स्वीकृति जारी।

हरियाली एवं वन्य जीव संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन्य एवं वन्यजीवों सम्बन्धी गतिविधियों में दीर्घकालीन निवेश हेतु राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना (RFBDP) के अन्तर्गत जिले में वृक्षारोपण, ओरण विकास, पोध वितरण आजीविका संवर्द्धन गतिविधियों सहित अन्य कार्य करवाये जायेंगे।

जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे।

### पर्यावरण विभाग

पर्यावरण संरक्षण मिशन के तहत संभाग मुख्यालय में वायु प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जायेगी।

### उद्योग विभाग

खादी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संभाग में कत्तिन व बुनकरों को प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किये गये Training Centre में खादी ग्रामोद्योग सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रारम्भ।

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| भरतपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण सुधार तथा आधारभूत संरचना के विकास कार्य करवाये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। कार्यादेश जारी। |
| भरतपुर, नदबई, भुसावर, रूपवास एवं नगर उपखण्डों में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जायेंगी। |
| कुम्हेर, पहाडी एवं वैर उपखण्डों में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जायेगी। |
| **स्वायत्त शासन विभाग** |
| उच्चैन तथा सीकरी में **नगरपालिका का गठन किया** गया। |
| 282 करोड़ रुपये की लागत से भरतपुर शहर के जल निकासी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए **मास्टर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किये जाने का कार्य प्रगतिरत।** |
| बयाना, भुसावर, कुम्हेर, वैर, नदबई, डीग एवं नगर में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) स्थापित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। रूपबास, एवं कामां में सर्वेक्षण कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर में सीवरेज एवं कचरे (Waste) की समस्या के समुचित निस्तारण हेतु 118.50 करोड रूपये के कार्यादेश जारी एवं शहर सौन्दर्यकरण हेतु 28.42 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी। |
| बयाना में **अंडर पास** के निर्माण हेतु 11.22 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान। |
| 40 करोड रूपये की लागत से नगर में **सीवर लाईन के कार्य** करवाये जाने हेतु डीपीआर तैयार। |
| **अल्पसंख्यक मामलात विभाग** |
| ग्राम कंचन नेर ब्लॉक कामां में **अल्पसंख्यक बालक–बालिका आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगतिरत।** |
| नन्देरा कामां पहाडी में **अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य** प्रगतिरत। |
| नगर में **अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य** प्रगतिरत। |
| गडाजान में **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु कार्यादेश** जारी। |
| पहाड़ी (कामां) में **अल्पसंख्यक बालक छात्रावास भवन निर्माण** हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| कामां एवं पहाड़ी (कामां) में अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय खोलने हेतु भूमि आवंटित। |
| भरतपुर में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटित। नगर में अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय खोला जायेगा। |
| **पंचायतीराज विभाग** |
| सीकरी (नगर) को **पंचायत समिति बनाया** गया। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| कामां में **Ex.En. office** खोला गया। |
| वैर एवं नदबई में **अधिशाषी अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी)** कार्यालय खोले गये। |
| उच्चैन में **सहायक अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी)** कार्यालय खोले जाने की स्वीकृति राज्य आदेश जारी। |
| रेटोफिटिंग **चम्बल–धौलपुर–भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 3106.31 करोड़ रूपये जारी। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| चम्बल–**धौलपुर–भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना** के अन्तर्गत भरतपुर जिले की तहसील रूपवास, कुम्हेर, कामां, पहाड़ी, डीग, नगर, भरतपुर के 945 गांवों की **पेयजल परियोजना** की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृती जारी। |
| सतही जल के माध्यम से Sustained Water Supply उपलब्ध कराने की दृष्टि से 822 करोड रूपये की लागत से चम्बल नदी आधारित कालीतीर परियोजना–बाडी, बसेडी– धौलपुर, **बयाना–भरतपुर** वृहद् पेयजल योजना प्रारंभ की जायेगी। |
| सतही जल के माध्यम से Sustained Water Supply उपलब्ध कराने की दृष्टि से 5 हजार 766 करोड रूपये की लागत से चम्बल–अलवर–**भरतपुर** वृहद् पेयजल योजना प्रारंभ की जायेगी। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| 118.12 करोड़ रुपये की लागत से खेड़ली–नदबई–कुम्हेर खण्ड (SH–44) **राज्य राजमार्गों** के विकास कार्य प्रगतिरत। |
| 18 करोड़ रुपये से भरतपुर से सौंख सड़क के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण। |
| 17.54 करोड रूपये की लागत से 12 किलोमीटर की लम्बाई में कुम्हेर से सोंख सड़क (स्टेट हाईवे–44 ए) (डीग, कुम्हेर) निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 16.64 करोड रूपये की लागत से 17.30 किलोमीटर की लम्बाई में गुलपाडा अमरू जुरहारा सड़क (एमडीआर–50) (कामां) निर्माण कार्य पूर्ण। |
| 16 करोड़ रुपये की लागत से 15 किलोमीटर लम्बाई में भरतपुर–आगरा वाया अचनेरा रोड की राजस्थान सीमा तक सड़क को चौड़ा करने के कार्य पूर्ण। |
| 13 करोड़ रुपये की लागत से 26 किमी लम्बाई में पान्हौरी से नदबई वाया जनूथर ऐचेरा (नगर, नदबई) सड़क के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 10 करोड़ रूपये की लागत से 18 किमी लम्बाई में बाड़ी–बसेडी–बंध– बारैठा–उच्चैन भरतपुर सौंख (बयाना, उच्चैन) सड़क के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 3.77 करोड़ रुपये की लागत से 15.50 किमी लम्बाई में सेंथरा से इकरन मोड़ वाया जाटौली रथभान पीपला इकरन (सेवर) सड़क के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 40 लाख रुपये की लागत से डीग–कुम्हेर में बाईपास निर्माण हेतु डीपीआर कार्य पूर्ण। |
| 37 लाख रुपये की लागत से 1.25 किमी लम्बाई में झील–मिलकपुर रोड से लहचोरा कलां (बयाना)–भरतपुर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण। |
| भरतपुर–आगरा वाया अछनेरा सड़क की चौड़ाई 2 लेन (7 मीटर) तक बढ़ाने के लिए डीपीआर तैयार किये जाने का कार्य पूर्ण। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| 200 करोड़ रूपये की लागत से 133.10 किलोमीटर लम्बाई में निम्न तीन सड़कों का कार्य प्रगतिरतः–<br>रामगढ़ फतेहपुर सीकरी सड़क (स्टेट बोर्डर तक) वाया गोविन्दपुरा–सीकरी–नदबई–वैर–बयाना–रूदावल (वैर/बयाना)<br>वैर से खानुआ वाया झील का वाडा–कैलादेवी–मिलकपुर–उच्चैन– गहनौलीमोड (वैर)<br>झालाटाला (NH–21) से बयाना वाया मूडियासाद भुसावर–सलेमपुरकलां–तालचिडी–कलसाडा–खरैरी–एत्मादपुर (वैर) |
| 87.70 करोड़ रुपये की (48.12 करोड़ रुपये राज्यांश) की लागत से बयाना में दो RoB का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 50.81 करोड़ रुपये की (30 करोड़ रुपये राज्यांश) भरतपुर शहर में RoB का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 33.50 करोड़ रुपये से भुसावर बाईपास (भुसावर–छोंकरवाड़ा सड़क एट कंचनपुरा से वैर–भुसावर सड़क वाया ईटामडा (मूसेपुर) का निर्माण कार्य करने के लिए स्वीकृति जारी कर कार्यादेश जारी। कार्य प्रगतिरत। |
| 21 करोड़ रुपये की लागत से 93.20 किमी लम्बाई में गोपालगढ़ से कटीघाटी वाया पापड़दा चौनवाड़ा सड़क (भरतपुर) निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 20 करोड़ रुपये की लागत से 9 किमी लम्बाई में डहरा से नदबई फोर लेन सड़क मार्ग (9 किमी.) (नदबई–भरतपुर) के निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| 10 करोड़ रुपये की लागत से कुम्हेर बाबेन रोड से सेह तक (10.20 किमी.) (डीग, कुम्हेर, भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 7 करोड़ रूपये की लागत से 5 किमी लम्बाई में रारह ताखा रोड से तपसी मंदिर रारह (डीग, कुम्हेर, भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 3 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से 6.60 किमी की लम्बाई में ढोकस से नहर पटरी से नहर होते हुए परिक्रमा मार्ग पूछरी वाली व सौंथरी रोड (डीग, कुम्हेर, भरतपुर) के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 3 करोड़ रुपये की लागत से घुस्यारी से पीपला तक वाया फुलवारा (सेवर, भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से गारोली से मढेरा वाया नगला देशवाल तक (6 किमी.) (नगर, भरतपुर) सडक निर्माण/उन्नयन कार्य करवाने की स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से सौंथरी से डींग रोड तक डामर रोड (डीग, कुम्हेर, भरतपुर) के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| 35 लाख रुपये की लागत से 0.50 किमी की लम्बाई में कुम्हेर रोड से बोरई रोड (डीग, कुम्हेर, भरतपुर) के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। कार्यदेश जारी कर कार्य प्रारम्भ। |
| जिले की निम्न 5 महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन कार्य 216 करोड़ रूपये की लागत से 145.15 किमी लम्बाई में कार्य करवाए जाने हेतु स्वीकृति जारी –<br>हंतरा–वैर–बल्लभगढ़–कलसाड़ा–रीजवास (44 किमी.) (वैर, बयाना)<br>कुम्हेर–जनूथर–सुन्दरावली–नगर (26 किमी.) (कुम्हेर, डीग )<br>वैर–हंतरा (जीवद) रोड से डहरा मोड वायां बरखेडा–झामरी–भरकऊ (15.15 किमी.) (वैर, बयाना, नदबई)<br>बरसाना–कटीघाटी वायां कामां पहाड़ी (50 किमी) (कामां. पहाड़ी)<br>नदबई– हलैना (10 किमी.) (नदबई) |
| 50 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से भरतपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में एलसी 38 पर आरओबी का निर्माण (भरतपुर) करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 16 करोड़ रुपये की लागत से करौली मांसलपुर सीमा से उत्तर प्रदेश सीमा तक वाया बाजना (11 किमी.) (बयाना, भरतपुर) सड़क निर्माण करवाने की स्वीकृति जारी। |
| 15 करोड़ रूपये की लागत से इंटरचेंज फ्लाई ओवर से सीकरी तक सड़क (15 किमी) (नगर, भरतपुर) निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 12 करोड़ रुपये की लागत से अछनेरा सड़क से नौह, नौगाया पीपला होते हुए यूपी बॉर्डर तक (13.50 किमी.) (भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 12 करोड़ रुपये की लागत से मथुरा रोड से नगला परशुराम तक (सेवर, भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 12 करोड़ रुपये की लागत से 24.40 किमी. लम्बाई में सेवर से नदबई वाया ततामड–मूढौता–कढ़ी–झारौली– चितौकरी–करही–कवई (नदबई, भरतपुर) सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 12 करोड़ रूपये की लागत से बयाना–करौली जिले की सीमा पर नवलापुरा, डांडा गांव, ज्ञानी का बेड़ा, गाजीपुर, कोल्हूपुरा, ताली, छुनैनी सड़क (12 किमी.) (बयाना, भरतपुर) का निर्माण एवं सुदृढीकरण कार्य करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 10 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से पहाड़ी (कामां)–भरतपुर में बाईपास निर्माण (5.5 किमी.) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 3 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से मेन रोड बसेड़ी (कोट पुलिया) से मासलपुर की ओर, बयाना (12 किमी) (भरतपुर) सडक निर्माण करवाने की स्वीकृति जारी। |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| भरतपुर में एक **नवीन क्षेत्रीय विज्ञान कार्यालय खोला** गया। |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु **भरतपुर में विज्ञान केन्द्र** की स्थापना की जायेगी। |
| **कौशल ,रोजगार, एवं उद्यमिता विभाग** |
| वैर तथा उच्चैन (नदबई) में **आईटीआई** एवं नदबई में आईटीआई–**स्किल सेन्टर** की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित। आईटीआई के एक व्यवसाय का संचालन निकटवर्ती संस्थान में किया जा रहा है। संस्थानो के संचालन हेतु पदों की स्वीकृति जारी। |
| जुरहरा–भरतपुर में आईटीआई खोलने हेतु खोले जाने वाले 4 व्यवसाय की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| संभागीय मुख्यालय के ITIs में Remotely Piloted Aircraft व Drone Pilot ट्रेड शुरू करने हेतु 2 व्यवसाय खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर संचालित ITIs में Solar Technician ट्रेड प्रारम्भ करने हेतु 2 व्यवसाय खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| फुलवारा (सेवर) में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। 4 व्यवसायों की 2 यूनिट खोले जाने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर एक ITI को 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| बच्चों में नशे की प्रवृत्ति रोकने तथा उन्हें ऐसी परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिए भरतपुर की चिन्हित स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से **समेकित बाल पुनर्वास केंन्द्र** के संचालन दिनांक 12.01.2023 से प्रारंभ कर दिया गया है। |
| भुसावर**, उच्चैन एवं भरतपुर में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास** एवं **डीग** में **राजकीय अम्बेडकर छात्रावास के भवन निर्माण** हेतु स्वीकृति जारी कर भूमि आवंटित। सभी छात्रावासों का संचालन किराये के भवन में किया जा रहा है। भरतपुर में राजकीय भवन में संचालित। |
| पालनहार योजना के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र लाभार्थियों के लिए भरतपुर संभाग मुख्यालय पर **पालनहार आवासीय छात्रावास** संचालित किया जा रहा है। |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन हेतु आदेश जारी। किराये के भवन में संचालित। भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर में **विशेष योग्यजन महाविद्यालय** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| वैर में अनुसूचित जाति आवासीय एवं अम्बेडकर आवासीय विद्यालय खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| विशेष योग्यजन की आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रतिष्ठित NGOs के माध्यम से संभाग मुख्यालय पर मानसिक विमंदित महिलाओं हेतु पुनर्वास गृह संचालित किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| विशेष योग्यजन की आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रतिष्ठित NGOs के माध्यम से जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी के विशेष योग्यजन विद्यालय खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |

# जिला–भरतपुर
## बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां

| |
|---|
| कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से उनके रहने की सुविधा हेतु संभाग मुख्यालय पर 100 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाया जायेगा। |
| युवाओं को शराब एवं नशे की लत जैसे व्यसनों से मुक्ति दिलाने की दृष्टि से जिले में नशामुक्ति केन्द्र खोलना/सुदृढ़ किया जायेगा। |
| **खेल एवं युवा मामले विभाग** |
| भरतपुर मुख्यालय पर **खेलों हेतु मल्टीपरपज इंडोर हॉल** का निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| डीग व कुम्हेर में **खेल स्टेडियम** बनाये जाने हेतु क्रमशः राशि 250–250 लाख के विरूद्व 100–100 लाख रूपये की प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत कर निविदा जारी। कुम्हेर में निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| मोरोली में **खेल स्टेडियम** बनाये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर में **कुश्ती/कबड्डी जैसे पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहन देने** की दृष्टि से **स्टेडियम के विकास** कार्य प्रगतिरत। |
| रूपवास (बयाना), उच्चैन (नदबई), नगर, पहाड़ी, नदबई में **खेल स्टेडियम** बनाये जाने की स्वीकृति जारी। |
| जिला स्टेडियम में Open Gym स्थापित किए जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| संभाग में सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल स्थापित करने हेतु वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त। |
| भरतपुर में स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाने की वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| संभाग मुख्यालय में सिन्थेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण हेतु स्वीकृति जारी। |
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर 100 आवासीय क्षमता का 'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल' बनाया जायेगा। |
| भुसावर में खेल स्टेडियम निर्माण एवं विकास कार्य करवाये जायेंगे। |
| **पर्यटन विभाग** |
| 2.50 करोड़ रूपये की लागत से ऐतिहासिक किले लोहागढ़ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु **light and sound show प्रारंभ** किया गया। |
| जिले में पर्यटन विकास के लिये कुम्हेर डीग रोड पर कच्चा तालाब एवं बंध बारेठा क्षेत्र के पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधा संबंधी विकास कार्य हेतु 3 करोड़ रूपये की लागत से कार्य प्रगतिरत। |
| ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा करने वाले एवं गोवर्धन जी जाने वाले श्रद्धालुओं हेतु **यात्री विश्राम स्थलियों सहित अन्य आधारभूत सुविधाये** विकसित किये जाने हेतु 4.91 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |
| डीग महल **में लाईट एवं साउंड शो** की व्यवस्था पर्यटन विकास कोष से करवाने की स्वीकृति जारी। |
| **राधा माधव मंदिर (जयपुर मंदिर) वृंदावन, कुशलबिहारी जी, बरसाना** में भवन के स्थापत्य के संरक्षण व जीर्णोद्वार के साथ–साथ अन्य सुविधाओं का विस्तार किये जाने हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| **किशोरीमहल** के संरक्षण व जीर्णोद्वार के कार्य करवाने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से **संभाग** में 2 Nature Walk Trails, Desert Safari Trails, Trekking Routes, Food Trails को चिन्हित कर अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा। |
| कैलादेवी एवं गोवर्धन पर्वत में आधारभूत सुविधाओं के समग्र विकास किये जायेगें। |
| Water based पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए **बंध बारेठा** को Eco Adventure Tourism Sites के रूप में विकसित किया जायेगा। |
| **परिवहन विभाग** |
| कामां में **उप जिला परिवहन कार्यालय खोला** गया। |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force का गठन किया गया। |
| प्रसिद्ध मेला **झील का बाड़ा–भरतपुर** में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को रोडवेज की साधारण एवं एक्सप्रेस बसों के किराये में छूट को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया। |
| **नगरीय विकास विभाग** |
| भरतपुर में NH–21 गोपाल नगला मोड से मथुरा बाईपास तक लगभग 13 किलोमीटर लम्बाई में बाईपास की डीपीआर बनाई जा रही है। |
| 300 करोड़ रूपये की लागत से भरतपुर में गोपाल नगला मोड़ से मथुरा बाईपास तक 200 फीट चौड़ाई में लगभग 13 किलोमीटर बाईपास निर्माण हेतु डीपीआर कार्य प्रगतिरत। |
| भरतपुर शहर के समग्र विकास की दृष्टि से **राजस्थान स्मार्ट सिटी योजना** लागू की जायेगी। |
| **जल संसाधन विभाग** |
| राज्य **में सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए** भरतपुर में रूपये 1.92 करोड़ के 2 कार्य पूर्ण। |
| 4.24 करोड़ रूपये व्यय कर रिपेयर एण्ड रेस्टोरेशन ऑफ बोकोली एण्ड खानवा हैड एवं बंघ गॅम्भीर रिवर सिस्टम भरतपुर का कार्य पूर्ण। |
| 97.74 लाख रूपये व्यय कर गुडगांवा केनाल की डीग वितरिका का रिपेयर एण्ड जीर्णोद्धार कार्य चैन 0 से 400 तक पूर्ण। |
| 94.76 लाख रूपये व्यय कर सीकरी बांध की हुसेपुर दो मोरा पुरानी वितरिका नहर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण। |
| 70 करोड़ रुपये की लागत से कामां, कुम्हेर एवं डीग क्षेत्र के काश्तकारों हेतु सिंचाई सुविधा सुदृढ़ करने के लिए गुड़गांव मुख्य नहर की **23 माईनरों के जीर्णोद्धार के कार्य** प्रगतिरत। अब तक 29.40 करोड़ रूपये व्यय। |
| रिपे**यर–रिनोवेशन–रेस्टोरेशन (RRR) योजना** के अन्तर्गत कुम्हेर एवं बयाना में 3.79 करोड़ रूपये के कार्य प्रगतिरत। |
| '**राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना**' के तहत भरतपुर में 2 सिंचाई उप–परियोजनाओं हेतु रूपये 42 करोड़ के जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ। |
| कामां पहाड़ी ड्रेन को चैन 350 से 800 तक डिसिल्टिंग व सुदृढीकरण के कार्यो हेतु राशि 1.70 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |

| जिला–भरतपुर<br>बजट (वर्ष 2019–20 से 2023–24) घोषणाओं पर आधारित उपलब्धियां |
|---|
| रिपेयर ऑफ रेगुलेटरस ऑफ भरतपुर फीडर, सिस्टम (राजस्थान रीच), भरतपुर डिस्ट्रीब्युटरी एण्ड सजोला माईनर कार्यो हेतु राशि 51.12 लाख रूपये की स्वीकृति जारी। |
| रिपेयर एण्ड रेस्टोरेशन ऑफ ब्रिज एट चैन 245 आफ मैन–ड्रेन (नौहरोड ब्रिज) कार्यो हेतु 3.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी। |
| प्रदेश के 13 जिलों यथा–अजमेर, अलवर, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, **धौलपुर**, झालावाड, भरतपुर, दौसा, जयपुर एवं टोंक के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) जीवनदायिनी साबित होगी, इसीलिए अपने वित्तीय संसाधनों से ERCP का कार्य निरन्तर जारी रखेंगे। अभी तक एक हजार 284 करोड़ रुपये व्यय कर नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध के कार्य प्रगतिरत है। ERCP Corporation के माध्यम से 13 हजार करोड़ रुपये के कार्य करवायें जायेंगे। जिसके तहत रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज एवं नवनेरा–गलवा–इसरदा–बीसलपुर लिंक हेतु राशि 14200 करोड़ रूपये के कार्यो की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। निविदा जारी। |
| केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर में जैव विविधता के संरक्षण एवं पक्षियों हेतु जलाशयों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के लिए चम्बल नदी से जल लाने के लिए लगभग 570 करोड़ रुपये की **योजना का DPR** कार्य प्रगतिरत। |
| बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के अन्तर्गत **बरेठा–बयाना बांध के जीर्णोद्वार** संबंधी कार्य करवाये जायेंगे। |
| **महिला एवं बाल विकास विभाग** |
| भुसावर एवं उच्चैन में **नवीन बाल विकास परियोजना कार्यालय** स्थापित। |